www.hindijournal.com
ISSN: 2455-2232

# International Journal of Hindi Research

## Editorial Board

**Dr. Abha Tyagi** M.A (Hindi, Sanskrit) Ph.D.
Principal
Department of Hindi, Vaish Girls College, Samalkha, Panipat, Haryana, India

**Dr. Vinod Kumar** M.Phil, Ph.D (Hindi)
Assistant Professor
Department of Arts & Languages, Lovely Professional University, Phagwara, Punjab, India

**Dr. Deepa Dattatray Kuchekar** M.A., M.Phil., Ph.D.
Assistant Professor
Department of Hindi, Research Centre, K.T.H.M. College, Nashik, Maharashtra, India

**Vinod Kumar** M.A.(Hindi), Ph.D
Assistant Professor & Head
Department.of Hindi, Bhag Singh Khalsa College for Women, Kala-tibba, Abohar, Punjab, India

**Dr. Renu Pandey** P.hd.
Assistant Professor
Maharaja Agrasen Mahavidyalaya, Bareilly, Uttar Pradesh, India

**Prof. Raj Kumar Lahare** MA, SLET, NET SET, B.ED. CG TET, CTET
Assistant Professor
Department of Hindi, Govt. Paluram Dhananiya Commerce & Arts College, Kotra Road, Raigarh, Chhattisgarh, India

**Dr.k.jayalakshmi** M.A, M.Phil, Ph.D
Assistant Professor
Department of Languages, School of Social Sciences and Languages, Vit University, Vellore

**Manju Devi** MA (Hindi, Sanskrit), B.Ed, PhD
Assistant Editor
Department of Hindi, University of Delhi, Delhi, India

**Dr. Rajesh Mishra** Ph.D
Associate Professor
Hindi Department, Ghasidas Central University, Bilaspur, Chhattisgarh, India

**Dr. Rama Arya** Ph.D.
Associate Professor
Department of Hindi, Jiwaji University, Gwalior, Madhya Pradesh, India

**Poonam** PhD
Lecturer
Lakshmibai College, Delhi University, New Delhi, India

**Dr. Dhanji Prasad** M.A., M.Phil, Ph.D.
Assistant Professor
Department of Linguistics and Language Technology Mahatma Gandhi A. Hindi Vishwavidyalaya, Wardha, Maharashtra, India

**Shashi Bala** Phd Hindi
Assistant Professor
PG Govt Girls Collage, Gurgaon, Haryana, India

**Dr. Kusum Mishra** Ph.D (Hindi), M.Ed., M.A.
Assistant Professor
Department of Hindi, Jawahar Lal Nehru P. G. College, Bansgaon, Gorakhpur Uttar Pradesh, India

**Dr. Anil Kumar Singh** Ph.D., M.Phil, M.A in Hindi
Assistant Professor
Department of Hindi, Pannalal Girdharlal Dayanand Anglo Vedic College, University of Delhi, Pannalal Girdharlal Dayanand Anglo Vedic College, India

**Amarendra Kumar Srivastava** Ph.D
Assistant Professor
Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India

**Dr. Bandana Jha** Ph.D
Associate Professor
Department of Hindi, Vasanta College for Women, Varanasi, Uttar Pradesh, India

**Dhruv Kumar** M.Phil
Junior Research Fellow
Department of Hindi, University of Delhi, New Delhi, India

**Dr. Umashankar Tripathi** Ph.D
Principal
Veerbhumi Govt. P.G. College, Mahoba, Uttar Pradesh, India

**Dr. V Anbumani** M.A., M.Phil., Ph.D(Hindi), M.A(Economoics)., MBA(HR)., PGDSD., PGDT., PGDJ
Associate Professor
Department of Hindi and Other Languages, Kongu Arts and Science College, Erode, Tamil Nadu, India

**Dr. Vandana Kumar** M.A., M.Phil., Ph.D
Assistant Professor Hindi
Department of Hindi, Goverment Nagarjun College of Science Raipur, Raipur, Chhattisgarh, India

**Dr. Mahendra Sawant** B.A. BPED, MPED, NET, Ph.D, PGDSM, PGDEPMA
Assit. Prof. ( Incharge-official Language Hindi)
Sports Authority of India, LNCPE, Kariyavattom, Trivendrum, Kerala, India

**Dr. Ade Santosh R** M.A, M.Phil, Ph.D, SET/NET
Assisti. Prof.
Department of Hindi, Sant Ramdas Arts, Commerce & Science College, Ghansawangi, Jalna, Maharashtra, India

**Ashish Kumar Shukla**
Assistant Editor
Uttarakhand open university, Haldwani, Uttarakhand, India

**Joyanta Kumar Boro** M.A, M.Phil, (NET Qualified)
Assistant Professor
Department of Hindi, Kokrajhar Govt. College, Kokrajhar, Assam, India

**Dr. Rupali Sarye Jhanjhot** PH.D.(HINDI)
Department of Hindi, Vikram University, Ujjain, Madhya Pradesh, India

**Dr. Ritu Varshney Gupta** Ph.D
Assistant professor
Department of Hindi, Kirorimal College, Delhi University, Delhi, India

**Dr. N Lavanya** Ph.d (Hindi)
Assistant Professor & Head
Department of Hindi, Ethiraj college for Women, Chennai, Tamil Nadu India

**Dr. Tanujarashmi** Ph.D
Associate professor
Department of Hindi Jain college C.G.S, V.V.Puram, Bangalore, India

**Dr. Nitu Dubey** M.A.Ph.D.,B.Ed.
Assistant professor
Regional Institute of Education (RIE) NCERT, New delhi, India

**Dr. Anant Wadghane** M.A., M.Phil, Ph. D.
Assistant Professor
Department of Hindi, School of Languages & Literature, Solapur University, Solapur

**Dr Chandrasekhar J Nair** M A MPhil B Ed Ph D
Senior Hindi Lecturer
Department of Languages, CHRIST JUNIOR COLLEGE, BANGALURU, Karnataka, INDIA

**Dr. Patki Archana Chandrakantrao**
M.A,SET,Ph.D
Assistant Professor
Department of Hindi,Nutan Mahavidyalaya,Sailu Dist.Parbhani (Maharashtra)India

**Vinita Shukla** Ph.D
Assistant Professor
Amity University Lucknow Campus, Uttar Pradesh, India

**Dr Sindhu T I** MA, B.Ed.,Ph.D., Post Graduate Diploma in Translation
Assistant Professor
DEPARTMENT of HINDI, ST.PETER'S COLLEGE, KOLENCHERY, ERNAKULAM, KERALA, India

**Dr. Bang Narsingdas Omprakash** M.A., M.Phil., Ph.D. Hindi
Assistant Professor
Head of the Department of Hindi, Punyashlok Ahilyadevi Holkar Mahavidyalaya, Ranisawargaon, Dist. Parbhani Maharashtra, india

**Dr Vijendra Pratap Singh** M.A. (HINDI, LINGUISTICS), Ph.D.
Assistant Professor
DEPARTMENT of HINDI, GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE, JALESAR, ETAH, UTTAR PRADESH, India

**Dr. Anupama Srivastava** Doctorate in Hindi from Delhi University
Assistant Professor
Hindi Dept. JMC,DU, New Delhi, India

**Anil Kumar** PhD
Assistant Professor
Departement of Hindi, Maharshi Dayanand University, Rohtak, Haryana, India

**Dr. Satendra Kumar Mishra** Ph.D
Assistant Professor
Amity University Lucknow, UP, India

**Dr. Chitra Sharma** Ph.D. M.Ed.
Assistant professor
Regional Institute of Education,RIE BHOPAL,NCERT, New delhi, India

**Dr. Chandresh Kumar Chhatlani** Ph.D., M.Phil.
Assistant Professor
Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidyapeeth (Deemed to be University) Udaipur - Rajasthan - India

**Dr. Suresh Kumar Mishra** MA HINDI GOLD MED., MA ENG, NET, PH.D., DISTINCTION in TRANSLATION STUDIES (PGDTSH), B.ED
Assistant Professor
Govt. of Telangana ZPHS MANSOORABAD SAROORNAGAR, HYDERABAD, INDIA

**Zelam Chandrakant Zende**
M.A.B.Ed.NET,Ph.D.
Assistant Professor
Hindi, Veer Wajekar A.S.C.College,Phunde, Maharashtra,India

**S. Rajini** MA, MPhil, (PhD-Hindi Literature), SLET
Associate Professor
Department of Hindi, Mahalashmi College of Arts and Science for Women Parutipattu, Avadi, Chennai Tamilnadu, India

**Dr. Ashutosh Kumar** Ph.D.
Assistant Professor
Department of Hindi, Faculty of Languages Himachal Pradesh University Center for Evening Studies SHIMLA, India

**Prof. (Dr. ) Sanjeev Kumar** MA (Hindi), M. Phil. (Hindi), Ph. D. (Hindi), B. Ed., PG Diploma in Computer Application, PG Diploma in Translation, MA (Pol Sc).
Assistant Professor
Department of Hindi Govt Post Graduation College Beetan Distt Una Himachal Pradesh, India

**Dr Swati Sharma** Phd
Assistant Professor
The IIS University Hindi & Journalism department Jaipur, Rajasthan, India

**Dr. Pushpa K** MA, B Ed, PhD
Assistant Professor
Department of Hindi Bangalore University Jnana Bharathi campus Bangalore Karnataka, India

**Dr. Ram P Dwivedi** PhD
Associate Professor
Department of Hindi Journalism & Mass Communication, Bhim Rao Ambedkar College, Delhi, India

**Krishna Kumar Sharma** M. A. (Hindi & Education), B. Ed., M. Phil.(Hindi)
Assistant Professor
Christ Academy Institute for Advanced Studies, Bangalore, Karnataka, India

**Jyoti Sharma** M.Phil., M.Ed.
Assistant Professor
Department University Institute of Teachers Training and Research, University: CHANDIGARH UNIVERSITY, MOHALI State: Punjab Country: INDIA

**Chandralekha Purohit** M.A.in ENGLISH and HINDI
Lecturer
Rana Pratap Girls College, Bhinder, Udaipur, Rajasthan, India

**Dr Ashok Tukaram Jadhav** M.A. NET Ph.D
Associate Professor
DEPARTMENT of HINDI LATE BABASAHEB DESHMUK GORTHEKAR COLLEGE, UMRI TQ. UMRI DIST. NANDED. MAHARASHTRA,INDIA

**Dr. Harsh Bala Sharma** PH.D.
Assistant Professor
Department of Hindi, Indraprastha College for Women, University of Delhi, Delhi, India

**Dr Saroj Singh** M.A. (, ), MPhil, PhD.( )
Assistant Professor
Department of Hindi, Shri Shankarlal Sundarbai Shasun Jain college for Women, T Nagar, Chennai, Tamilnadu, India

**Rina Kumari** PH.D.
Assistant Professor
Department. of Hindi Ananda Mohan College, Raja Ram Mohan Roy Sarani, Kolkata, West Bengal, India

**Dr. Baliram Sambhaji Bhuktare** M.A.Ph.D. Net.Jrf
Associate Professor
Head of the Department & Research Guide. Hindi Maharashtra Udayagir College, Udgir. Dist- Latur, Maharashtra, India

**Kisan Gavit** MA, M.PHIL, NET, SET
Assistant Professor
DEPARTMENT of HINDI C J PATEL COLLEGE,TIRORA DIST GONDIA, MAHARASHTRA, INDIA

**Dr. Gulam Farid Sabri** M.A.,Ph.D.
Assistant Professor
Department of Hindi Faculty of Arts Aligarh Muslim University, Aligarh, Uttar Pradesh, India

**Prof. Satyabhama Razdan** M.A. Sanskrit, M.A. Linguistics, M. Phil, Ph. D., D. Lit.
Professor & HOD
University of Kashmir, Hazratbal, Srinagar Kashmir, Jammu & Kashmir, India

**Dr. T. J. Rekha Rani** M.A, M.phil, P.hd
Associate Professor
Hindi Department,The English and Foreign Languages University, Hyderabad

**Dr. Umesh Chandra Shukla** M.A.,Ph. D.
Associate Professor
Dept of Hindi M.D.College S.S.Rao Rood Mangal Das Varma Chawk Paral, Mumbai, MAHARASHTRA, India

**Dr. Mazid Mia** PhD
Assistant Professor
Hindi, Shree Agrasen Mahavidyalaya,Bhusamani, West Bengal, India

**Dr. (Miss) Rajesh Sharma** M.A., Ph.D
Lecturer
Dept. of hindi Govt. PG college Jhalawar Rajasthan)

**Manoj Kumar** Ph.D
Asistant professor
HINDI DEPARTMENT, CENTRAL UNIVERSITY of HARYANA, India

**Dr.ranjith.m** Ph.D., M Phil.
Assistant Profeessor
M. E. S COLLEGE, NEDUMKANDAM CHEMBALAM P. O, IDUKKI DT KERALA, India

**Sangeeta Nag** M.A, Ph.D in Hindi
Asistant professorr
Post Doctoral Fellow at ICSSR, New Delhi, India

**Dr. Vijay Ganeshrao Wagh**
M.A.,M.Phil.,B.Ed.,Ph.D
Assistant Professor & Research Guide
Department of Hindi, Toshiniwal Arts, Commerce & Science College, Sengaon. Tq. Sengaon. Dist-Hingoli,Maharashtra, India

**Dr. Chiluka Pusphalata** Diploma in translation, m. Phil, PhD
Assistant Professor
Hindi Dept Mount Carmal degree college, Bangalore, India

**Dr. Neha H. Kalyani** M.A(hindi &sanskrit) m.phil . NET (sanskrit) SET (hindi ) PH.D (hindi &sanskrit)
Assistant Proffessor
HOD of HINDI DEPT. G. S. COLLEGE of COMMERCE & ECONOMICS, NAGPUR (MAH), India

**Dr Sreenivasaiah R** M A .M Phil. B Ed. Ph D.(LLB)
Professor
DEPARTMENT, of HINDI, JAIN UNIVERSITY, BANGALORE, india

**Dr. Rkd Nilanthi Kumari Rajapaksha**
Senior Lecturer in Hindi
Department of Languages, Cultural and Performing Arts, University of Sri Jayewardenepura, Gangodawila, Nugegoda, Sri Lanka

**Dr. Manjeet Kumari** Ph. D.
Assistant Professor
Institute of Teacher Training and Research, BPSMV, Khanpur Kalan Sonipat, Haryana, India

**Rajni**
Associate Professor
Hindi Department, Dr. Bhim Rao Ambedkar College, University of Delhi, New Delhi, India

**Dr. Neerav Adalja** PhD
Associate Professor
Dr. Bhim Rao Ambedkar College University of Delhi, Wazirabad Rd, Near Gokul Puri Metro Station, Kardam Puri Extension, Yamuna Vihar, Shahdara, New Delhi, India

**Dr. G Vasanthi**
Associate Professor
Department of SFLC-Hindi, Saveetha School of Engineering, SIMATS, Saveetha University, Chennai, Tamil Nadu, India

**Dr. Raju C P**
Head
Department of Hindi, ST. Aloysius College, Elthuruth, Thrissur, Kerala, India

**Dr. Ranjeeta Singh**
Head
Department of Education, Kalinga University Naya Raipur, Chhattisgarh, India

**Dr Shalini Sharma**
Assistant Professor
Department of Political Science, JECRC University, Jaipur, Rajasthan, India

**Laxman Majhi**
Lecturer
Department of Sanskrit, Utkal Sangeet Mahavidyalaya, Bhubaneswar, Odisha, India

**Dr. Ahtisham Aziz**
Assistant Professor
Department of Hindi, Aligarh College Of Education, Uttar Pradesh, India

International Journal of Hindi Research
www.hindijournal.com
ISSN: 2455-2232
Received: 15-08-2023, Accepted: 30-08-2023, Published: 16-09-2023
Volume 9, Issue 5, 2023, Page No. 18-20

# अज्ञेयः यात्राओं की अन्तर्यात्रा

**शुभांगी श्रीवास्तव**
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत

**सारांश**
बीसवीं सदी में हिन्दी के यायावर बने अज्ञेय ने देश–विदेश की जितनी यात्राएं की और जितना साहित्य लिखा सभी में उनकी समृद्ध संवेदनात्मक प्रतिभा का स्वरूप स्पष्ट दिखाई देता है। अज्ञेय छायावादोत्तर दौर के महत्वपूर्ण रचनाकार है। उन्होंने उपन्यास लिखे, कविताएं लिखी, आलोचना लिखी और यात्रा साहित्य भी लिखे। अज्ञेय का यात्रा साहित्य उनके रचनात्मक व्यक्तित्व का अभिन्न अंग है। अज्ञेय के व्यक्तित्व को उनकी यात्रा साहित्य के अध्ययन के बिना जाना नहीं जा सकता है। उन्होंने अपनी यात्राओं का चुनाव किया। उनको भारत के सांस्कृतिक इतिहास ने बहुत आकृष्ट किया और वे अपने लेखकीय जीवन की गतिशीलता के लिए अनुभवों के संवर्धन के लिए विभिन्न संस्कृतियों के प्रति अपनी जिज्ञासा के द्वारा यात्राओं की ओर गये। उन्होंने ऐसा जीवन चुना जिसमें एक जगह–टिक कर रहना नहीं था और संयोग भी ऐसा था कि अज्ञेय को इस प्रकार की गतिशीलता मिलती चली गयी। इस आलेख में इसी विषय पर चर्चा की गयी है।

**मूल शब्दः** यात्रा, खोज, अज्ञेय, बौध दर्शन, अस्तित्ववाद

अज्ञेय अपने पूर्ववर्ती जो पथिक यायावर रहे उनसे प्रभावित हैं। अज्ञेय की दर्शन, कला, स्थापत्य और पुरातत्व में बहुत रूचि रही। अज्ञेय एक अलग जमीन पर हजारी प्रसाद द्विवेदी की तरह विश्व इतिहास की छवियों को नाना जीवन प्रसंगों में देखने वाले रचनाकार है। इस तरह वे अपने रचयिता व्यक्तित्व के लिए यात्राओं को स्वीकार करते हैं और उनका एक सुनिश्चित ध्येय तय करते हैं। कौन सी यात्रा किसलिए हो ये उन्हें स्पष्ट रहता है। इन यात्राओं के जरिये वे विश्वदर्शन करते हैं।

वे बौद्धदर्शन की बदली हुई अर्थ छवियों को समझते हैं। विश्व इतिहास की गतियों को समझते हैं वे आधुनिकता और परम्परा को समझते हैं। वे परम्परा और आधुनिकता के बीच परम्परागत सम्बन्धों को समझते हैं। चक्रान्तशिला कविता में फ्रांस का पूरा इतिहास आता है। उन्हें कथाएं मिली, मूल्य मिले, बहुत से किरदार मिले हैं, रंग, भाषाएं, रूपक मिले हैं। उनके पावों में ऐसी जिजीविषा और नये–नये प्रयोग करने की क्षमता थी जो उन्हें निरन्तर यात्रा करने के लिए प्रेरित करती रही। अज्ञेय ने देश–विदेश की बार–बार यात्राएँ की और उसी से अनुभव संचित करके अपनी सभी रचनाएँ लिखी। अज्ञेय के यात्रा–वृत्तान्त और संस्मरण हिन्दी साहित्य के यात्रा साहित्य को बहुत समृद्ध बनाते हैं। अरे यायावर रहेगा याद (1953) तथा एक बूँद सहसा उछली (1960), 'भागवत भूमि यात्रा' जन–जनक–जानकी यात्रा सम्पूर्ण विश्व के ऐतिहासिक, दार्शनिक, सामाजिक–सांस्कृतिक मन को समझने के लिए की गयी यात्रा का वृत्तान्त है।

अज्ञेय को नयी–नयी खोज करना पसंद था इसलिए वे कभी जाने–पहचाने रास्ते पर नहीं गये। हर बार वे कुछ नया करने का सोचते और करते भी थे। उन्हें अपने ज्ञान का घमण्ड नहीं था इसलिए वे सजग यायावर थे वे कहीं रूके नहीं लिखते रहे और चलते रहे इसलिए हमेशा पाते रहे। जो उन्होंने खोया उसका भी उन्हें दुःख नहीं था। भारतीय चिन्तन परम्परा में जो चीजें विलुप्त हो गयी थी जैसे– परम्परा–संस्कृति, इतिहास उन्हें वे दोबारा पाना चाहते थे और उसे नये तरीकों से अपनाना चाहते थे। उनके चिन्तन–मनन करने की प्रक्रिया भी उन्हीं की तरह अनथक यायावर रही। वे जैसे खुद कहीं नहीं रूके वैसे ही अपनी सोच को भी कहीं जड़ नहीं होने दिया। उन पर अरविन्द, विवेकानन्द, तिलक, गांधी, लोहिया, जयप्रकाश नारायण, टैगोर, मानवेन्द्र राय, फ्रायड, हेडेगर, नीत्शे आदि न जाने कितने मनीषियों का प्रभाव रहा पर उन्होंने अपने चिन्तन की मूल दृष्टि पर कभी आँच नहीं आने दी। भारतीय सभ्यता–संस्कृति के खोये हुए रास्तों की तलाश में वे निरन्तर अन्वेषी भाव से निकलते रहे।

उन्होंने अपने प्रमुख दो यात्रावृत्तान्तों के शीर्षक अपनी दो महत्वपूर्ण कविताओं से लिए है। जिससे पता चलता है कि अज्ञेय यात्राओं को किस संवेदनात्मक अनुभूति की श्रेणी में रखते हैं। अज्ञेय के यात्रा वृत्तान्तों में बुनियादी तौर पर मनुष्य की स्वाधीनता, स्वतन्त्रता, सृजनात्मकता और दायित्व के सूक्ष्म रूप में अंकित किया गया है। अज्ञेय 'मम' की सत्ता को बनाये रखते हुए ममेतर से संवाद करते हैं। वे स्वयं का कल्याण इसी में मानते हैं कि वे दूसरों का कल्याण करने में सक्षम हो। हालांकि भारतीयों को वे एक बेघर लेखक लगते थे वहीं यूरोपियों को एक ऐसा भारतीय जो कभी अपना घर नहीं छोड़ सका।

अज्ञेय ने लगभग दुनिया के सारे काम किये हैं चाहे वे किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों। दुनिया भर की यात्रा की है। वे जो भी काम करते वे सामान्य न होकर कुछ भिन्न होते। वे ब्रिटेन के शासन में आतंकवादी और सेना अधिकारी भी रहे अमेरिका और सोवियत संघ गये, रेडियो का सम्पादन किया, कैलिफोर्निया में प्राध्यापक हुए, पत्रकारिता में गये, प्रयोगवाद के प्रवर्तक हुए, नयी कविता आंदोलन चलाया, परिमल संस्था बनायी इन सबको करते हुए एक से एक बढ़कर साहित्यिक रचनायें भी करते रहे।

अज्ञेय यात्री होने के कारण ही किसी एक स्थान, एक नदी, एक जगह, एक जाति, एक मिट्टी या एक रंग को अपना नहीं कहते थे। ये पूरी धरती उनकी अपनी थी। अज्ञेय नदी के द्वीप थे। उनकी नदी हमें वृहद् भूखण्ड से मिलाती है। वह भूखण्ड हमारा पितर है। अज्ञेय को पर्वत बुलाते थे। नदियाँ उन्हें पुकारती थी। सागर उन्हें आकर्षित करता था। यायावर को ये हमेशा याद रहेगा कि एक बूँद सहसा उछली थी जिसे उन्होंने सस्नेह देखा था। वे हरी घास पर क्षण भर बैठते है और कोमल टहनी से चिड़िया के उड़ जाने को देखते हैं जिसके जाने के बाद पत्ती थरथराती है। उन्होंने सागर की अनेक मुद्राओं को देखा था। साँप के सभ्य न होने पर उससे नाराज हुए थे, दोलती कलगी छरछरी बाजरे की को प्रेमिका के सौन्दर्य गान में प्रस्तुत किया था। उन्होंने तनी हुई रस्सी पर जिन्दगी को एक छोर से दूसरे छोर तक नाचते देखा था और रस्सी में जरा सी ढील होने पर संतुलन बिगड़ने की बेफिक्र प्रतीक्षा की थी।

अज्ञेय शब्दों की सत्ता को कलात्मकता से भरकर प्रस्तुत करते है। वैसे ही वे जीवन को भी सौन्दर्भ से भरकर प्रस्तुत करने की कला को भलीभाँति जानते हैं। वे स्वतंत्र विचारक हैं। वे अपनी ज्ञान की प्यास को अपनी यात्राओं के द्वारा बुझाते हैं। उन्होंने अपने जीवन का लम्बा हिस्सा विदेशों में बिताया था परन्तु फिर भी विदेशी प्रभाव से मुक्त रहे। भारतीयता उनके व्यक्तित्व का अंग सदैव बनी रहीं।

एलोरा की गुफाएं हो या फिरेंजे का स्थापत्य, अस्त्ववादी विचारधारा हो या लोहे की छत से सम्बन्धित अन्धविश्वास अज्ञेय के संज्ञान में जो कुछ भी आता है, प्रकाशित हो उठता है। अज्ञेय की भारतीय तीर्थ यात्रायें भाव यात्रायें संस्कृति के स्रोत की खोज रही है। विराट का संस्पर्श उन्हें भक्ति की ओर ले जा रहा था। उन्होने जाना कि भक्ति में जड़ताओं को तोड़ने की मूल्य दृष्टि है। पश्चिमी संस्कृति के आक्रमण से बहुत कुछ नष्ट हो गया है लेकिन यदि हमें अपनी संस्कृति का निर्माण फिर से करना है। तो भक्ति की सर्जनात्मकता से ही यह हो सकता है। मूल्यों की अर्थवत्ता की अनवरत खोज ही भारतीय आधुनिकता की मूल्य दृष्टि है। इस खोज को निरन्तर जारी रखना भारतीय आधुनिकता है।

अज्ञेय को भारत के विकास की चिंता सदैव सताती है। वे चाहे भारतीय स्थलों की यात्रा पर हो चाहे विदेशी यात्रा पर वे हमेशा भारत के विकास के लिए उन स्थानों से सीखते हैं और हमें विकसित होने का मार्ग दिखाते हैं। वे भारतीयता के प्रति गहन आस्था रखने वाले थे। अज्ञेय की यात्रापरक कृतियों में विभिन्न देशों की भिन्न–भिन्न परिस्थितियों का उल्लेख हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं साहित्यिक परिस्थितियों के अंकन में उनकी विशेष रूचि थी।

यात्रा साहित्य और संस्कृति का घनिष्ट सम्बन्ध है। संस्कृति में समाज, कला, धर्म, इतिहास आदि समाविष्ट किए हैं तो यात्रा साहित्य इन सभी की कलात्मक अभिव्यक्ति है। अज्ञेय जहाँ भी जाते हैं उनका सम्पर्क उन प्रदेशों के समाज, व्यक्तियों एवं उनकी स्थिति रीति–रिवाज, खान–पान, वेश–भूषा आदि से रहता है। उन्होने संस्कृति के इन समस्त स्वरूपों एवं मार्मिक घटनाओं को अपनी कृतियों में अभिव्यक्त करने का प्रयास किया है। उनका यात्रा साहित्य विश्व संस्कृति के साक्षात्कार का सुन्दर दर्पण है। भारतीय यात्राओं से सम्बन्धित यात्रा वृतांत 'अरे यायावर रहेगा याद'' में असम से पश्चिमी प्रांत तक फैली पर्वतीय संस्कृति को रूपायित कर देश को संस्कृति के आधार पर एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास उनके द्वारा हुआ है। एक बूँद सहसा उछली में यूरोप के देशों की संस्कृतियों को उजागर कर भारत का सांस्कृतिक उन्नयन उनका लक्ष्य है, साथ ही देश–विदेश की संस्कृति की प्रस्तुति द्वारा सांस्कृतिक समन्वय भी वे चाहते है।

अज्ञेय के यात्रावर्णनों में भौगोलिक एवं ऐतिहासिक सूक्ष्म पर्यवेक्षण के साथ निबन्धकार की मस्ती तथा भावुक कलाकार की संवेदनशीलता प्राप्त है।

अज्ञेय की भाषा में प्रौढ़ता, उत्कृष्टता तथा साहित्यिकता विद्यमान है। उनके लिए भाषा एक बड़ी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। संस्कृति के विकास में भाषा का महत्वपूर्ण योगदान हैं अज्ञेय का साहित्य भविष्य के मानव के दर्शन और साहित्य को समृद्ध करने के लिए है।

अज्ञेय ने देश–विदेश की यात्राओं से जो ज्ञान प्राप्त किया वह साहित्यप्रेमियों के लिए समर्पित किया। अज्ञेय की अनुभव समृद्धि और वस्तुत वैविध्य का कारण यात्रायें ही रही है। उन्होंने नये–नये स्थानों के भूगोल, नदी, पर्वतों एवं पशु-पक्षियों का परिचय दिया है। वे वहाँ के निवासियों के इतिहास परम्परा संस्कृति का अध्ययन करते हैं। वहाँ के लोगों की भाषा, कला, साहित्य एवं लोक संस्कृति का विवरण प्रस्तुत करते है। वहाँ के पुरातत्व तथा वास्तुशिल्प का ज्ञान उपलब्ध करवाते है।

अज्ञेय का साहित्य विषय और रूप शिल्प की दृष्टि से विविधताओं से भरा पड़ा है। अज्ञेय को अपने समय के प्रचलित उपादान घिसे हुए पुराने और अक्षम लगते थे। अज्ञेय अभिव्यक्ति की चरम अवस्था 'मौन' को मानते है। शब्द और भाषा से परे वे मौन को ही सम्प्रेषण का एक महत्त्वपूर्ण साधन स्वीकार करते है। इसलिए हिन्दी साहित्य के महत्वपूर्ण कवि और लेखक माने जाते है। उनका साहित्य वैविध्यपूर्ण है लेकिन उनके योगदान को यथोचित महत्त्व नही दिया गया। स्वप्निल श्रीवास्तव अपने लेख 'अज्ञेय का महत्त्व' में राहुल सांकृत्यायन और रामविलास शर्मा से उनकी तुलना करते हुए कहते है कि, ''अज्ञेय ने विपुल साहित्य लिखा है। उनके लिखे हुए को खारिज करना आसान नहीं है।''[1]

अज्ञेय के काव्य संग्रह–हरी घास पर क्षण भर, इन्द्रधनुष रौंदे हुए ये, अरी ओ करूणा प्रभामय, आँगन के पार द्वार, कितनी नावों में कितनी बार, पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ। इन काव्य संग्रहों के शीर्षक से ही पता चलता है कि अज्ञेय प्रकृति के सभी रूपों से कितना प्रेम करते थे। वे घास, इन्द्रधनुष, सवेरा, नॉव, नदी, द्वीप आदि को कितने करीब से देखते और महसूस करते थे। अज्ञेय प्रकृति से अनुभव ग्रहण करते है।

उन्होंने एक सैनिक का जीवन जिया। वे उच्च श्रेणी के यायावर थे। उनकी सोच सीमित नहीं थी वे विश्व साहित्य का अध्ययन, अध्यापन करते थे। उन्होंने वर्ड्सवर्थ, टेनीसन, लांगफेलो तथा व्हिटमैन और उनके समकालीनों के साहित्य का गहन अध्ययन किया था। लेखन के साथ–साथ उनकी साहित्यिक यात्राएँ जीवन पर्यन्त जारी रही। भारत और विश्व के अनेक देशो के उनकी यात्राओं का परिणाम उनके दो यात्रा वृतान्त 'अरे यायावर रहेगा याद', 'एक बूंद सहसा उछली' है। नयी कविता में उन्होंने मिथकों के अनके प्रयोग किये है और उसे जीवन से जोड़ने का कार्य किया है। इनकी प्रकृति की कविताएँ जिसमें उड़ चल हारिल, पानी बरसा, दुर्वाचल, हेमन्त के गीत, सागर मुद्रा, ये मेघ, साहासिक सैलानी, बंधु है नदियाँ, असाध्य वीणा, कलगी बाजरे की में एक लय है, विशेष प्रकार का अंदाजे बयां है, जिसमें एक धीमा संगीत और प्रकृति के सूक्ष्मतत्व है। जैसे सोनमछली कविता में मछली हाँप रही है, काँच से लड़ती स्वतन्त्र होने को बेकरार इसे अज्ञेय की दृष्टि ने देखा सामान्य मानव एक्वेरीयम में रखी रंग–बिरंगी मछली की देखकर खुश होता है।

अज्ञेय ने अपनी यात्राओं से हिन्दी कविता को समृद्ध किया है। देश–विदेश के यात्रानुभवों में परिवर्तित करने के साथ–साथ उनकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति से हिन्दी कविता को सतरंगी रूप प्रदान किया। अज्ञेय ने जापान की यात्रा की। जापान की कविताओं का अनुवाद किया। हाइकू शैली की कविताएँ लिखी। ग्रीस की यात्रा के दौरान वहाँ के बहुत से स्थानों के बारे में कविताएँ लिखी। वहाँ के मिथकों को अपनाकर काव्य सृजन किया। यही बात फ्रांस तथा अन्य देशों के बारे में भी कही जा सकती है। कहा जा सकता है कि अज्ञेय ने काव्य– सृजन में 'भारतीयता' को कभी ओझल होने न दिया।

अज्ञेय गहरे दार्शनिक समझ के कवि है। उन्होने आधुनिकता को भी दार्शनिक दृष्टि से देखा है। लाथार लुत्श ने उदय प्रकाश से बातचीत में अज्ञेय के बारे में एक बहुत अच्छी बात कही है, ''अज्ञेय एक आधुनिक कवि है क्योंकि वे अपने माध्यम को भाषा को संशय से देखते है... संशय, मैं समझता हूँ कि किसी भी साहित्य में आधुनिकता का समावेश करता है,''[2] अज्ञेय आधुनिक कवि है। उन्होंने प्रयोगशीलता को महत्वपूर्ण माना था और इसके द्वारा हिन्दी में आन्दोलन खड़ा किया था।

अज्ञेय प्रकृति और विज्ञान को अखण्ड रूप में देखते है ऐसा विद्यानिवास मिश्र ने उनकी कविता बावरा अहेरी के सम्बन्ध में कहा है। वे प्रकृति की सर्वशक्तिमत्ता को भी प्रमाणित करते है। इनकी दुर्वाचल कविता में निजता की संलग्नता और साथ ही साथ यायावरी की उत्कट अभिलाषा भी दिखाई पड़ती है।

अज्ञेय परम्परा, कवि और कविता के अन्तर्सम्बन्धों पर निरन्तर विचार करने वाले कवि है। अपनी कविता 'कलगी बाजरे की' में वे पुरानी गढ़ी हुई प्रतिमाओं के संग चले आ रहे पुराने सत्य को असंगत की स्वीकार्यता के अर्थ में लेते है। इस कविता में उन सभी प्राचीन प्रतिमाओं का निषेध है जो सृजन की भूमि पर नया रचनेवाले के समक्ष आतंक बनकर उपस्थित हो जाती है। नये कवि को आतंक से मुक्त करने के लिए अज्ञेय उन खोखली प्रतिमाओं के महिमामण्डन से आगाह करते है। जिनमें से देवता तक प्रस्थान कर चुके है।

अज्ञेय सतत, सत्य और सन्धान करने वाली दृष्टि को लेकर आगे बढ़े हैं। वे यात्रायें करते हुए ही कविताओं को लिखते थे 'कितनी नावों में कितनी बार' शीर्षक कविता को अज्ञेय ने अपनी युगोस्लाविया की यात्रा में ल्युब्लयाना नामक किसी समुद्रीतट की अनुभूति में जीवन को सृजित करते हुए दिनांक 30 मई 1966 को लिखा था। अज्ञेय की रचनाएं प्रत्यक्ष प्रतीकों और बिम्बों की सहज यात्रा कराती है।

अज्ञेय जैसी बड़ी प्रतिभा को समझने के लिए पाठक के पास भी बड़ी प्रतिभा होनी चाहिए। उनकी प्रत्येक रचना में व्याप्त सृजनाशीलता और संवेदनशीलता उसे व्यक्त करने वाली शैली को धैर्यतापूर्वक सोचना–समझना और व्याख्यायित करना होगा। तभी अज्ञेय का सार्थक मूल्यांकन किया जा सकता है।

अज्ञेय की चिन्ता और चेतना का केन्द्र व्यक्ति की स्वाधीन चेतना के साथ उसकी स्वायत्तता, आजादी, अस्मिता तथा सृजनात्मकता का महत्व है। वे इस सन्दर्भ में व्यक्ति की सत्ता को पूरे गौरव और गरिमा के साथ वे समाज और समूह में शामिल करना चाहते है और यह शुभ है।

अज्ञेय का जीवन महाभिनिष्क्रमण का पाथेय रहा है। देश हो परदेश हो वही सागर किनारा और वहीं से दिखती पुकार अरी ओ करूणा प्रभामय जिसके लिए वे बार–बार न जाने कितनी बार कितनी नावों में कितनी बार सवार होते है और यह अन्तहीन यात्रा ही अन्तहीन सच्चाई का द्वार खोलती है।

निस्सन्देह यह कहा जा सकता है कि हिन्दी साहित्य में यायावर अज्ञेय का स्थान शीर्षस्थ हैं उनके यात्रापरक वर्णनों में जो विशेषताएँ है वह अन्यत्र कहीं नहीं।

## सन्दर्भ सूची

1. अज्ञेय होने का अर्थः दृष्टि का विवेक, सं0 हितेश कु. सिंह, लोक भारती प्रकाशन, प्रथम सं0– 2020 पृष्ठ 154
2. शब्द संगत, जुलाई–अगस्त 2007 पृ.5।
3. अरे यायावर रहेगा याद – अज्ञेय, राजकमल प्रकाशन, प्रथम सं0
4. एक बूद सहसा उछली– अज्ञेय, राजकमल प्रकाशन, प्रथम सं0 2017
5. अंज्ञेय संचायिता– नंदाकिशोर आचार्य, राजकमल प्रकाशन
6. अज्ञेय होने का अर्थ : दृष्टि का विवेक – सं0 हितेश कु. सिंह, लोक भारती प्रकाशन, प्रथम सं0– 2020

International Journal of Hindi Research

Indexed Journal, Refereed Journal, Peer Reviewed Journal

ISSN: 2455-2232

# Publication Certificate

This certificate confirms that **शुभांगी श्रीवास्तव** has published article titled **अज्ञेयः यात्राओं की अन्तर्यात्रा** .

Details of Published Article as follow:

| | | |
|---|---|---|
| Volume | : | **9** |
| Issue | : | **5** |
| Year | : | **2023** |
| Page Number | : | **18-20** |
| Reference No. | : | **9079** |
| Published Date | : | **16 Sep, 2023** |

INTERNATIONAL JOURNAL OF HINDI RESEARCH
IJHR

Regards
International Journal of Hindi Research
www.hindijournal.com
hindi.manuscript@gmail.com

Indexed Journal
Refereed Journal
Peer Reviewed Journal

www.hindijournal.com
ISSN: 2455-2232

**Volume: 9** **Issue: 5** **Year: 2023**

# International Journal of Hindi Research



Published By
Gupta Publications

वर्ष : 14 • अंक : 10 • अप्रैल 2023

ISSN : 2319-4375

# सोच विचार

साहित्यिक पारिवारिक मासिकी



# सोच विचार

(साहित्यिक पारिवारिक मासिकी)

वर्ष - 14 | अप्रैल, 2023 | अंक - 10

**संरक्षक/प्रधान सम्पादक***
**डॉ. जितेन्द्र नाथ मिश्र***

•

सलाहकार संपादक - **निरंकार सिंह***

•

संपादक - **नरेन्द्र नाथ मिश्र***

•

उप संपादक - **सुधीर पंत***

•

संयुक्त संपादक - **विनय चन्द्र पाण्डेय***

•

सहायक संपादक - **वासुदेव उबेराय***

•

संपादन - सहयोग
**श्रीप्रकाश त्रिपाठी, केदारनाथ राय***
**मनीष कुमार पाण्डेय***

•

**हमारे प्रतिनिधि**

लखनऊ - **एस. के. सिंह** : मो. 09415010864
मुजफ्फरपुर - **डॉ. संजय पंकज** : मो. 09973977511
पटना - **सिद्धेश्वर** : मो. 09234760365
नई दिल्ली - **डॉ. वैद्यनाथ झा** : मो. 09582221968
भोपाल - **डॉ. जवाहर कर्नावट** : मो. 07506378525
जयपुर - **डॉ. हरिशंकर शर्मा** : मो. 09461046594
भरतपुर - **डॉ. अशोक कुमार गुप्ता** : मो. 09414726111
जमशेदपुर - **डॉ. अरुण सज्जन** : मो. 09334013836
वर्धा - **डॉ. जयन्त उपाध्याय** : मो. 9415618968
प्रयागराज : **डॉ. रविनन्दन सिंह** : मो. 9454257709

•

संपादकीय कार्यालय
के. 67/135 (ए) ईश्वरगंगी, वाराणसी - 221001 (उ.प्र.) भारत
दूरभाष : 0542-4007456
Email : sochvicharpatrika@gmail.com

•

प्रादेशिक कार्यालय
557/27 (के), ओमनगर, आलमबाग, लखनऊ -226005
फोन नं. 0522-4103925, मो. 9415560729

•

| | व्यक्तिगत | संस्थाओं के लिए |
|---|---|---|
| मूल्य | ₹ 40/- | ₹ 50/- |
| वार्षिक | ₹ 400/- | ₹ 500/- |
| पंचवार्षिक | ₹ 2000/- | ₹ 2500/- |

•

**भीतरी साज-सज्जा - विनय कुल***

•

**आवरण पृष्ठ - मनीष खत्री***

•

अक्षर संयोजन व ले आउट - **स्नेहिल**
इस अंक में प्रकाशित लेखकों के विचार उनके अपने हैं। उनसे संपादक की सहमति आवश्यक नहीं। सोच विचार पत्रिका से सम्बन्धित विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

•

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र नाथ मिश्र द्वारा
वी प्रिन्टस, वाराणसी से मुद्रित
* सभी अवैतनिक



**सम्पादकीय** ........ 02

**ऋषिवाणी–** महाभारत का मार्मिक दृश्य – पद्मभूषण प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी ........ 03

**पुण्य स्मरण–**
लोक-रस के कृती साहित्यसाधक : डा. कृष्ण बिहारी मिश्र–गिरीश्वर मिश्र ........ 04

**उन्हें याद करते हुए–**
अवधी के सचेतक जनकवि : रमई काका – भारतेन्दु मिश्र ........ 05

**कहानी–** सहस्त्रमुखी – दीर्घ नारायण ........ 07
बाबूजी की आराम कुर्सी – महेश शर्मा ........ 09
पुतुल – संजय कुमार सिंह ........ 14
बेड़ियाँ – श्रीप्रकाश श्रीवस्तव ........ 16
खेलते रहो श्रीधरन – गोविन्द उपाध्याय ........ 19

**हास्य प्रसंग–**
हाथ लगे दो / इलाज ........ 18

**गीत/कविता/ग़ज़ल–**
अनुराधा सिंह की कविताएँ ........ 23
लता जौनपुरी की ग़ज़लें ........ 2
खेमकरण 'सोमन' की रचनाएँ ........ 2
वीरान – इन्द्रा रानी ........ 2
रक्तचाप – सम्पूर्णानंद मिश्र ........ 2
वक्त / माँ / जिन्दगी / तकदीर / राह – वसुंधरा दशरथ सुत्रावे ........ 2
वजूद/नियति का प्रहार/मैं अजन्मी/हमारी बेटियाँ – आकांक्षा यादव ........ 2
ऋषि कुमार 'फ़कत' की ग़ज़लें ........ 2
जय हो तुम्हारी आधुनिकता – सीमा हरि शर्मा ........ 4
दो कविताएँ – राजेन्द्र श्रीवस्तव ........ 6
कविता – सिद्धेश्वर ........ 7
कविता / मेरी कविता के पात्रों – सुधीर देशपांडे ........ 7

**बोली बानी–**
मैं कच्छा लेकर आ रहा हूँ – अवधेश प्रधान ........ 2

**लघुकथा–** जीवन की सच्चाई – मधु आंधीवाल ........ 2

**साक्षात्कार–** कथालेखिका सुषमा मुनीन्द्र से राकेश माहेश्वरी 'काल्पनिक की बातचीत... 2

**यादें बचपन की–**
मेरा बचपन : मेरा गांव – ओम धीरज ........ 3

**लोक–** मोगवीर समाज और नारी सशक्तिकरण – ज्योति ज्ञानेश्वरी ........ 3

**स्वास्थ्य–** घमौरी क्या होती है? – डा. शिवशक्ति द्विवेदी ........ 3

**हास्य कहानी–** एक थी बिट्टो रानी – सुभाष चंदर ........ 3

**व्यंग्य–** मातम – शशिकांत सिंह 'शशि' ........ 4
गरीबी कहाँ है? – हरिशंकर राढ़ी ........ 4
एक शाम पुस्तक मेला के नाम – अयोध्या प्रसाद ........ 4

**सोच–** नाट्य शास्त्र के प्रणेता : भरत मुनि – अतुल कुमार ........ 4

**विचार-** लोककथा की व्याप्ति – शुभांगी श्रीवास्तव ........ 4

**यात्रा –** वैद्यनाथ धाम यात्रा – पी.के. श्रीवास्तव ........ 4

**आलेख–** कहावत - विमर्श – सत्य प्रिय पाण्डेय ........ 5

**समय की शिला पर** – रश्मिशील ........ 5

**सृजन सुगन्ध–**
परिक्रमा – डॉ. राम सुधार सिंह ........ 5

**नवीन प्रकाशन–** ........ 5

**साहित्यिक गतिविधियाँ** ........ 64

**श्रद्धांजलि–** साहित्य मनीषी कृष्ण बिहारी मिश्र के लिए ........ 71

**ज्योतिष–** अप्रैल 2023 आपके लिए कैसा रहेगा – पं. उमंगनाथ शर्मा ........ 72


**पत्रिका के सदस्यों से अनुरोध है कि सदस्यता शुल्क सेवक प्रकाशन (पत्रिका) Sevak Prakashan (Patrika) के बैंक ऑफ बड़ौदा, नाटी इमली शाखा, वाराणसी में खाता संख्या : 28630200006279 (IFSC Code ..BARB0NATILM) में जमाकर कार्यालय के दूरभाष अथवा मोबाइल नं. 9452207888 या 9415551523 पर अवश्य सूचित करें।**

# लोककथा की व्याप्ति

शुभांगी श्रीवास्तव



भारतीय लोक कथाओं में मनुष्य और प्रकृति का बड़ा सुंदर सहचर संबंध दिखाई देता है। देखा गया है कि इनका स्रोत मनुष्य का अनुभव संसार, नैतिक मूल्य दृष्टि और संरचना है। 'कथा' जैसी विधा के भीतर हमें एक प्रति संसार रचा हुआ दिखाई देता है जिसे मनुष्य अपने स्वप्न संघर्ष और आकांक्षा से निर्मित करता है। लोक कथाओं का गहरा संबंध बृहत्तर भारतीय लोक के जीवन से है। उसकी स्मृतियों से है और स्वप्न से भी है। ये कथाएं सरस, प्रेरक और ललित होती हैं। इनमें जीवन जगत की भिन्नता के अनुसार ही वैविध्य भी मिलता है। इनकी प्राणधारा में भर्तृहरि, रानी सारंगा, प्रहलाद, दशावतार, पंचतंत्र, कथासरित्सागर आदि का स्वर मिलजुल कर बहता है, साथ ही लोक की वृत्ति, प्रवृत्ति, जीवन- संदर्भ आदि से भी फूट कर ये कथाएं बनती हैं।

इन कथाओं में प्रगीतात्मकता का तत्व भी देखा गया है। यह आश्चर्यजनक है कि समूचे देश में प्रचलित लोक कथाओं की विषय वस्तु किंचित अंतर के साथ एक जैसी दिखाई देती है। कहा गया है कि तुलसीकृत रामचरितमानस की अंतर्वस्तु और भाषा भी लोककथात्मक शिल्प से प्रभावित है। उनके राम लोकरंजक रूप में दिखाई देते हैं।

लोक कथाओं में अभिव्यक्त प्रकृति के संदर्भ में देखा गया है कि प्रकृति स्वायत्त तो है किंतु मनुष्य के प्रति सुंदर मैत्री के भाव में है। नदियां, वनस्पतियां, पर्वत, ऋतुएं, जीव- जंतु सब मानवोचित होकर व्यक्त हुए हैं। कुछ लोक कथाओं के संदर्भ लेकर हम इस पक्ष को अधिक महत्वपूर्ण ढंग से उद्घाटित कर सकते हैं।

पशु- पक्षी जीव- जगत के विस्तृत आयाम हैं। भारतीय वांग्मय में इनका अत्यधिक महत्व है। हिंदू देवी-देवताओं की सवारी पशु-पक्षी ही होते हैं। जैसे सरस्वती जी की सवारी हंस, लक्ष्मी जी का उल्लू, दुर्गा जी का शेर, शंकर भगवान ने अपने गले में सांप लपेटा हुआ है और उनकी सवारी बैल है। गणेश जी की सवारी चूहा है। इन सब के पीछे कोई ना कोई कथा है। यहां तक कि हिंदू भगवान हनुमान जी बंदर का रूप माने गए हैं और गणेश जी हाथी का रूप माने गए हैं। इस प्रकार से भारतीय आख्यान परंपरा में पशु- पक्षियों का बहुत महत्व है।

व्रत और त्योहारों से जुड़ी जितनी भी कथाएं हैं उनमें किसी असहाय, दरिद्र, गरीब मनुष्य की सहायता पशु-पक्षी ही करते हैं। नटेश शास्त्री ने दक्षिण भारत की एक वार्ता में बताया है कि प्रकाश से समृद्धि आती है। उन्होंने जो कहानी दी है, उसका सार यह है कि-

एक बार गरुड़ पक्षी किसी राजा की अंगूठी उड़ा लाया। वह अंगूठी उसने एक सगुनी के घर में डाल दी। वह उसे लेकर राजा के पास गया। राजा अंगूठी पाकर बहुत प्रसन्न हुआ। उसने कहा- कुछ मांग, राजा का हठ देखकर उस व्यक्ति ने विचित्र मांग रखी कि प्रति शुक्र को सब घरों में अंधेरा रहे केवल मुझे ही अपना घर प्रकाशित करने दिया जाए। राजा ने स्वीकार कर लिया। शुक्रवार को समस्त राज्य में अंधेरा देखकर लक्ष्मी सगुनी के घर में हीं आयी। इस प्रकार उसकी दरिद्रता सदा के लिए दूर हो गई। इसी प्रकार भाई दूज पर जो कथा पढ़ी जाती है उसमें सात भाइयों की एक बहन होती है। सातो भाई पैसा कमाने शहर चले जाते हैं और उनकी सातों भाभियां उनकी उस बहन को परेशान करती हैं। उसे वन से लकड़ी बिना किसी रस्सी से बांधकर लाने को कहती हैं तो वह वन में जाकर रोने लगती है।सांप उसका रोना सुनकर आता है और स्वयं लकड़ी को बांधने में रस्सी का काम करता है। बिना खल- मूसर के धान कूटने को कहती हैं। चिड़िया आकर धान कूटकर उसकी सहायता करती है। फिर चलनी से कुएं से पानी काढ़ने को कहती हैं तब मछली चलनी में आकर उसकी सहायता करती है।

कुछ दिनों बाद सभी भाई शहर से वापस लौट कर आते हैं और अपनी बहन की यह स्थिति देखकर अपनी पत्नियों को गर्म तेल की कढ़ाई में तलकर दंड देते हैं। छः भाभियों ने उसे कष्ट दिया था इसलिए उनका यह हश्र होता है। सातवीं सबसे छोटी भाभी ने उसे नहीं सताया था इसलिए वह बच जाती है। इस प्रकार लोक कथाओं में मनुष्य और पशु पक्षी के सुंदर संबंधों के विषय में बताया गया है।

भारत में यह अत्यंत प्रसिद्ध ही है कि पंचतंत्र की कहानियां राजकुमारों को राजनीति सिखाने के लिए कही गई थी। ये राजकुमार पढ़ने में मन नहीं लगाते थे, तभी उन्हें ऐसी कहानियों द्वारा ही शिक्षा दी गई। इन तंत्राख्यानों में पशु -पक्षियों की कहानियां होती हैं और कहानियों के द्वारा किसी न किसी प्रकार की शिक्षा अवश्य मिलती है।

यहां यह भी ध्यान देने की बात है कि तंत्राख्यान उन अन्य आख्यानों से भिन्न है जिनमें पशु- पक्षियों की कहानियां हैं पर उनसे कोई शिक्षा नहीं निकाली गई। ऐसी पशु-पक्षियों की कहानियां जिनका संबंध तंत्र अथवा नीति से नहीं भारत में तथा अन्य देशों में पंचतंत्र की रचना से पूर्व भी प्रचलित थीं, ऐसा शोध से निश्चय हो चुका है। वेदों तक में पशु- पक्षी किसी न किसी रूप में आए ही हैं। बौद्ध जातकों में तो पशु- संबंधी कहानियां भरी पड़ी हैं, पर उन्हें धर्म गाथाओं की मान्यता प्राप्त है उनमें यह धर्मगाथा तत्व इसलिए नहीं कि उनमें कोई दूसरा अर्थ निहित है, वरन् इसलिए कि उनका आदर धार्मिक-श्रद्धा से होता है। जातकों में भी पशु पक्षियों की कहानियों के साथ नीति अथवा उपदेश का संबंध है।

लोक साहित्य में प्राचीन आख्यानपरक कथाओं का बहुत मूल्य है। आख्यान लोकमानस की मूल-भावना के रूप को स्थूल प्रतीक से अभिव्यक्त करता है। यह प्रयत्न जीवन के सभी क्षेत्रों में मिलता है, अतः आख्यान की सत्ता की व्यापकता सिद्ध होती है। हम यह प्रश्न कर सकते हैं कि आख्यान के उदय तथा विकास का क्या क्रम हो सकता है। आख्यान के दो रूप हमें विशेषतः मिलते हैं- एक धर्मगाथा वाला दूसरा लोक कथाओं वाला।

सर्वप्रथम हम धर्मगाथाओं पर विचार करेंगे। विद्वानों के मत में धर्म गाथा में धार्मिक आस्था नहीं, धार्मिक पृष्ठभूमि अवश्य होनी चाहिए। उसमें किसी देवता या दैवी पुरुष का समावेश होना आवश्यक है, यदि ऐसा ना होगा तो उसे लोककथा कहा जाएगा। (शेषांश पृष्ठ 54 पर)



गिलटबाजार, वाराणसी,
सम्पर्क–8887904123



, भारत की भाषा
भगवान् पाण्डेय),
कुमार सिंह) आदि
देयता पर पर्याप्त
री आलेख सामान्य
प्रो. बाबूराम त्रिपाठी
ण 'छात्र और बन्दर'
यन्त रोचक बन पड़ा

लेज, वाराणसी





में साहित्य, शिक्षा, संस्कृति
कृषि जगत के अतिरिक्त
मात्रा में प्रकाशित है। प्रथम
निल कुमार सिंह, ललिता राव,
ख महत्त्वपूर्ण बन पड़े हैं।
खण्ड में कविताओं की प्रमुखता
'शरद' के गीतों के अतिरिक्त
यों के छात्र-छात्राओं द्वारा लिखी
का प्रमाण है। इस खण्ड में कुछ
भी हैं। समय और समाज अनुभाग
राव, अलका आर.गुप्ता, रेनु सिंह

*(पृष्ठ 47 का शेषांश)*

किंतु यह बात ध्यान में रखने की आवश्यकता है कि केवल देवी-देवताओं के आने से कोई लोक- कहानी धर्मगाथा नहीं हो सकती। कितनी ही लोक कहानियां ऐसी प्रचलित हैं जिनमें शिव- पार्वती विष्णु आदि का उल्लेख मिलता है पर उन्हें धर्म गाथा नहीं कहा जा सकता। किसी तथ्य की व्याख्या करने वाली कहानियों में भी देवताओं का समावेश होता है पर उन्हें धर्म गाथा नहीं कह सकते उदाहरणस्वरूप–

गिलहरी की पीठ पर रेखाएं क्यों है- सीता के वियोग में गिलहरी ने राम को सहायता दी, राम प्रसन्न हुए, उन्होंने इस पर हाथ फेरा और रेखाएं बन गई। यह लोककथा है धर्मगाथा नहीं।

पेट बंद क्यों हैः-पहले पेट खुला होता था और वह एक ढक्कन अथवा परिया से बंद होता था किंतु पार्वती के पेट को खोल कर एक बार शिव जी ने देख लिया और उनके मायके का उपहास किया तब से पार्वती ने अभिशाप देकर पेट बंद कर दिया- यह लोकगाथा है धर्मगाथा नहीं।

सूर्य और अंधकार के संघर्ष को, सूर्य और उषा के प्रेम अथवा साहचर्य को ही विविध रूपकों द्वारा साहित्य का रूप प्रदान कर दिया है, और उसका यह रूप धर्म गाथा का स्वरूप ग्रहण कर लेता है।

प्राचीन काल में आदिमानव समूह ने प्रकृति के दिव्य व्यापारों को देखा और उन्हें मूर्त रूप में शब्द का अर्थ माना। इसकी व्याख्या करते हुए रस्किन ने बताया है कि-' प्रायः प्रत्येक महत्वपूर्ण गाथा में तीन निर्माण तत्व मिलेंगे– मूल बिंदु तथा दो शाखाएं। मूलबिंदु (बीज ) होता है। किसी प्राकृतिक सत्ता में सूर्य अथवा आकाश अथवा मेघ या सागर उपरांत उसका पुरुष रूप अवतार, जो एक ऐसा विश्वसनीय तथा स्पष्ट रूप ग्रहण कर लेता है कि उसके साथ हाथ मिलाए आप ऐसे ही घूम फिर सकें जैसे अपने भाई अथवा बहन के साथ। अन्ततः इस रूप कल्पना की नैतिक सारगर्भिता जो सभी महान धर्म गाथाओं में शाश्वत तथा उपयोगी भाव से सत्य रूप में प्रतिष्ठित होती है। किंतु बर्न ने धर्मगाथा को और भी विस्तृत अर्थ दे दिया है। वे धर्मगाथाओं को कारण- निरूपक- कहानी मानती है। इनमें विश्व, उसकी उत्पत्ति, प्रलय, जीवन- मरण, मनुष्य- पशु, जातीय-भेद, व्यवसाय-भेद, धार्मिक उपचार पैतृक प्रथाएं तथा रहस्यमय व्यापारों के कारणों की व्याख्या रहती है। यह कारण प्राय असंभव ही होता है, पर जो उन आख्यानों को मानते हैं,वे उन पर विश्वास भी करते हैं। ●

**असिस्टेंट प्रोफेसर,हिन्दी विभाग, वसंत कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी। सम्पर्क–8400319933**

ISSN No. : 0975 - 6876

मकर सङ्क्रान्ति 2080
14 जनवरी, 2024

अङ्क: 18
Nubmer 18

# चिकितुषी
# CIKITUṢĪ

विद्याश्री न्यास की साम्वत्सर पीयर रिव्यूड बहुभाषिक शोध-पत्रिका
An Annual Peer Reviewed Multilingul Research Journal of VIDYĀ ŚRĪ NYĀSA

प्रधान संपादक : वागीश शुक्ल
**Chief Editor : Wagish Shukla**

संपादक : दयानिधि मिश्र
**Editor : Dayanidhi Misra**

विद्याश्री न्यास, दाऊदपुर, गोरखपुर द्वारा प्रकाशित
Published by : VIDYĀ ŚRĪ NYĀSA, Daudpur, Gorakhpur

ISSN No. : 0975 - 6876

अंक - 18
Nubmer - 18

मकर सङ्क्रान्ति–2080
14, जनवरी 2024

# चिकितुषी
# CHIKITUSI

विद्याश्री न्यास की साम्वत्सर पीयर रिव्यूड बहुभाषिक शोध–पत्रिका

An Annual Peer Reviewed Multilingual Research Journal of VIDYA SRI NYAS

प्रधान संपादक : वागीश शुक्ल
**Chief Editor : Wagish Shukla**

संपादक : दयानंद मिश्र
**Editor : Dayanidhi Misra**

विद्याश्री न्यास, दाऊदपुर, गोरखपुर द्वारा प्रकाशित
Published by : VIDYA SRI NYAS, Daudpur Gorakhpur

# अनुक्रमणिका


मंगलाचरणम्

सम्पादकीय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कवि समय का सातत्य<br>*गोपबन्धु मिश्र* | 1-7 |
| 2. | जयशंकर प्रसाद की कहानियाँ<br>*बलिराज पांडेय* | 8-15 |
| 3. | शमशेर बहादुर सिंह की काव्य-साधना<br>*श्रीप्रकाश शुक्ल* | 16-21 |
| 4. | हिन्दी नाटक की साहित्यिक गरिमा के प्रतिष्ठापक<br>*कुँवर जी अग्रवाल (स्वर्गीय)* | 22-26 |
| 5. | प्रसाद का साहित्य चिंतन<br>*अवधेश प्रधान* | 27-33 |
| 6. | अज्ञेय : यात्राओं की अन्तर्यात्रा<br>*शुभांगी श्रीवास्तव* | 34-38 |
| 7. | सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का कवितायी-लोकतंत्र<br>*सुनील कुमार मानस* | 39-45 |
| 8. | यज्ञ की सनातन परंपरा<br>*हृदय रंजन शर्मा* | 46-47 |
| 9. | प्राकृत जैन कथा साहित्य : एक विवेचन<br>दीनानाथ शर्मा | 48-52 |
| 10. | आदिकाल का नाथ साहित्य : अवस्थिति एवं विकास : महाराष्ट्र का...<br>*विश्वास पाटील* | 53-72 |
| 11. | आदिकालीन नाथ साहित्य : साहित्येतिहास लेखन और पाठालोचन की परम्परा<br>अंजलि मिश्रा | 73-76 |
| 12. | जनकवि जगनिक का जीवनवृत्त : एक दृष्टि<br>*पवन अग्रवाल* | 77-81 |

# अज्ञेय : यात्राओं की अन्तर्यात्रा

शुभांगी श्रीवास्तव

बीसवीं सदी में हिन्दी के यायावर बने अज्ञेय ने देश–विदेश की जितनी यात्राएं की और जितना साहित्य लिखा सभी में उनकी समृद्ध संवेदनात्मक प्रतिभा का स्वरूप स्पष्ट दिखाई देता है। अज्ञेय छायावादोत्तर दौर के महत्वपूर्ण रचनाकार है। उन्होंने उपन्यास लिखे, कविताएं लिखी, आलोचना लिखी और यात्रा साहित्य भी लिखे। अज्ञेय का यात्रा साहित्य उनके रचनात्मक व्यक्तित्व का अभिन्न अंग है। अज्ञेय के व्यक्तित्व को उनकी यात्रा साहित्य के अध्ययन के बिना जाना नहीं जा सकता है। उन्होंने अपनी यात्राओं का चुनाव किया। उनको भारत के सांस्कृतिक इतिहास ने बहुत आकृष्ट किया और वे अपने लेखकीय जीवन की गतिशीलता के लिए अनुभवों के संवर्धन के लिए विभिन्न संस्कृतियों के प्रति अपनी जिज्ञासा के द्वारा यात्राओं की ओर गये। उन्होंने ऐसा जीवन चुना जिसमें एक जगह–टिक कर रहना नहीं था और संयोग भी ऐसा था कि अज्ञेय को इस प्रकार की गतिशीलता मिलती चली गयी।

अज्ञेय अपने पूर्ववर्ती जो पथिक यायावर रहे उनसे प्रभावित हैं। अज्ञेय की दर्शन, कला, स्थापत्य और पुरातत्व में बहुत रूचि रही। अज्ञेय एक अलग जमीन पर हजारी प्रसाद द्विवेदी की तरह विश्व इतिहास की छवियों को नाना जीवन प्रसंगों में देखने वाले रचनाकार है। इस तरह वे अपने रचयिता व्यक्तित्व के लिए यात्राओं को स्वीकार करते हैं और उनका एक सुनिश्चित ध्येय तय करते हैं। कौन सी यात्रा किसलिए हो ये उन्हें स्पष्ट रहता है। इन यात्राओं के जरिये वे विश्वदर्शन करते हैं। वे बौद्धदर्शन की बदली हुई अर्थ छवियों को समझते हैं। विश्व इतिहास की गतियों को समझते हैं वे आधुनिकता और परम्परा को समझते हैं। वे परम्परा और आधुनिकता के बीच परम्परागत सम्बन्धों को समझते हैं। चक्रान्तशिला कविता में फ्रांस का पूरा इतिहास आता है। उन्हें कथाएं मिली, मूल्य मिले, बहुत से किरदार मिले हैं, रंग, भाषाएं, रूपक मिले हैं। उनके पावों में ऐसी जिजीविषा और नये–नये प्रयोग करने की क्षमता थी जो उन्हें निरन्तर यात्रा करने के लिए प्रेरित करती रही। अज्ञेय ने देश–विदेश की बार–बार यात्राएँ की और उसी से अनुभव संचित करके अपनी सभी रचनाएँ लिखी। अज्ञेय के यात्रा–वृत्तान्त और संस्मरण हिन्दी साहित्य के यात्रा साहित्य को बहुत समृद्ध बनाते हैं। अरे यायावर रहेगा याद (1953) तथा एक बूँद सहसा उछली (1960), 'भागवत भूमि यात्रा' जन–जनक–जानकी यात्रा सम्पूर्ण विश्व के ऐतिहासिक, दार्शनिक, सामाजिक–सांस्कृतिक मन को समझने के लिए की गयी यात्रा का वृत्तान्त है।

अज्ञेय को नयी–नयी खोज करना पसंद था इसलिए वे कभी जाने–पहचाने रास्ते पर नहीं गये। हर बार वे कुछ नया करने का सोचते और करते भी थे। उन्हें अपने ज्ञान का घमण्ड नहीं था इसलिए वे नहीं था इसलिए वे कहीं रूके नहीं लिखते रहे और चलते रहे इसलिए हमेशा पाते रहे। जो उन्होंने खोया उसका भी उन्हें दुःख नहीं था। भारतीय चिन्तन परम्परा में जो चीजें विलुप्त हो गयी थी जैसे– परम्परा–संस्कृति, इतिहास उन्हें वे दोबारा पाना चाहते थे और उसे नये तरीकों से अपनाना चाहते थे। उनके चिन्तन–मनन करने की प्रक्रिया भी उन्हीं की तरह अनथक यायावर रही। वे जैसे खुद कहीं नहीं रूके वैसे ही अपनी सोच को भी कही कहीं जड़ नहीं होने दिया। उन पर अरविन्द, विवेकानन्द, तिलक, गांधी, लोहिया, जयप्रकाश नारायण, टैगोर

मानवेन्द्र राय, फ्रायड, हेडेगर, नीत्शे आदि न जाने कितने मनीषियों का प्रभाव रहा पर उन्होंने अपने चिन्तन की मूल दृष्टि पर कभी आँच नहीं आने दी। भारतीय सभ्यता–संस्कृति के खोये हुए रास्तों की तलाश में वे निरन्तर अन्वेषी भाव से निकलते रहे।

उन्होंने अपने प्रमुख दो यात्रावृत्तान्तों के शीर्षक अपनी दो महत्वपूर्ण कविताओं से लिए है। जिससे पता चलता है कि अज्ञेय यात्राओं को किस संवेदनात्मक अनुभूति की श्रेणी में रखते हैं। अज्ञेय के यात्रा वृत्तान्तों में बुनियादी तौर पर मनुष्य की स्वाधीनता, स्वतन्त्रता, सृजनात्मकता और दायित्व के सूक्ष्म रूप में अंकित किया गया है। अज्ञेय 'मम' की सत्ता को बनाये रखते हुए ममेतर से संवाद करते हैं। वे स्वयं का कल्याण इसी में मानते हैं कि वे दूसरों का कल्याण करने में सक्षम हो। हालांकि भारतीयों को वे एक बेघर लेखक लगते थे वहीं यूरोपियों को एक ऐसा भारतीय जो कभी अपना घर नहीं छोड़ सका। अज्ञेय ने लगभग दुनिया के सारे काम किये हैं चाहे वे किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों। दुनिया भर की यात्रा की है। वे जो भी काम करते वे सामान्य न होकर कुछ भिन्न होते। वे ब्रिटेन के शासन में आतंकवादी और सेना अधिकारी भी रहे अमेरिका और सोवियत संघ गये, रेडियो का सम्पादन किया, कैलिफोर्निया में प्राध्यापक हुए, पत्रकारिता में गये, प्रयोगवाद के प्रवर्तक हुए, नयी कविता आंदोलन चलाया परिमल संस्था बनायी इन सबको करते हुए एक से एक बढ़कर साहित्यिक रचनायें भी करते रहे।

अज्ञेय यात्री होने के कारण ही किसी एक स्थान, एक नदी, एक जगह, एक जाति, एक मिट्‌टी या एक रंग को अपना नहीं कहते थे। ये पूरी धरती उनकी अपनी थी। अज्ञेय नदी के द्वीप थे। उनकी नदी हमें वृहद् भूखण्ड से मिलाती है। वह भूखण्ड हमारा पितर है। अज्ञेय को पर्वत बुलाते थे। नदियाँ उन्हें पुकारती थी। सागर उन्हें आकर्षित करता था। यायावर को ये हमेशा याद रहेगा कि एक बूँद सहसा उछली थी जिसे उन्होंने सस्नेह देखा था। वे हरी घास पर क्षण भर बैठते है और कोमल टहनी से चिड़िया के उड़ जाने को देखते हैं जिसके जाने के बाद पत्ती थरथराती है। उन्होंने सागर की अनेक मुद्राओं को देखा था। साँप के सभ्य न होने पर उससे नाराज हुए थे, दोलती कलगी छरछरी बाजरे की को प्रेमिका के सौन्दर्य गान में प्रस्तुत किया था। उन्होंने तनी हुई रस्सी पर जिन्दगी को एक छोर से दूसरे छोर तक नाचते देखा था और रस्सी में जरा सी ढील होने पर संतुलन बिगड़ने की बेफिक्र प्रतीक्षा की थी। अज्ञेय शब्दों की सत्ता को कलात्मकता से भरकर प्रस्तुत करते है। वैसे ही वे जीवन को भी सौन्दर्भ से भरकर प्रस्तुत करने की कला को भलीभाँति जानते हैं। वे स्वतंत्र विचारक हैं। वे अपनी ज्ञान की प्यास को अपनी यात्राओं के द्वारा बुझाते हैं। उन्होंने अपने जीवन का लम्बा हिस्सा विदेशों में बिताया था परन्तु फिर भी विदेशी प्रभाव से मुक्त रहे। भारतीयता उनके व्यक्तित्व का अंग सदैव बनी रहीं।

एलोरा की गुफाएं हो या फिरेंजे का स्थापत्य, अस्तित्ववादी विचारधारा हो या लोहे की छत से सम्बन्धित अन्धविश्वास अज्ञेय के संज्ञान में जो कुछ भी आता है, प्रकाशित हो उठता है। अज्ञेय की भारतीय तीर्थ यात्रायें भाव यात्रायें संस्कृति के स्रोत की खोज रही है। विराट का संस्पर्श उन्हें भक्ति की ओर ले जा रहा था। उन्होने जाना कि भक्ति में जड़ताओं को तोड़ने की मूल्य दृष्टि है। पश्चिमी संस्कृति के आक्रमण से बहुत कुछ नष्ट हो गया है लेकिन यदि हमें अपनी संस्कृति का निर्माण फिर से करना है। तो भक्ति की सर्जनात्मकता से ही यह हो सकता है। मूल्यों की अर्थवत्ता की अनवरत खोज ही भारतीय आधुनिकता की मूल्य दृष्टि है। इस खोज को निरन्तर जारी रखना भारतीय आधुनिकता है। अज्ञेय को भारत के विकास की चिंता सदैव सताती है। वे

चाहे भारतीय स्थलों की यात्रा पर हो चाहे विदेशी यात्रा पर वे हमेशा भारत के विकास के लि उन स्थानों से सीखते हैं और हमें विकसित होने का मार्ग दिखाते हैं। वे भारतीयता के प्रति गह आस्था रखने वाले थे। अज्ञेय की यात्रापरक कृतियों में विभिन्न देशों की भिन्न–भिन्न परिस्थिति का उल्लेख हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं साहित्यिक परिस्थिति के अंकन में उनकी विशेष रूचि थी।

यात्रा साहित्य और संस्कृति का घनिष्ट सम्बन्ध है। संस्कृति में समाज, कला, ध इतिहास आदि समाविष्ट किए हैं तो यात्रा साहित्य इन सभी की कलात्मक अभिव्यक्ति है। अज्ञे जहाँ भी जाते हैं उनका सम्पर्क उन प्रदेशों के समाज, व्यक्तियों एवं उनकी स्थिति रीति–रिवा खान–पान, वेश–भूषा आदि से रहता है। उन्होने संस्कृति के इन समस्त स्वरूपों एवं मार्मि घटनाओं को अपनी कृतियों में अभिव्यक्त करने का प्रयास किया है। उनका यात्रा साहित्य वि संस्कृति के साक्षात्कार का सुन्दर दर्पण है। भारतीय यात्राओं से सम्बन्धित यात्रा वृतांत 'अ यायावर रहेगा याद में असम से पश्चिमी प्रांत तक फैली पर्वतीय संस्कृति को रूपायित कर दे को संस्कृति के आधार पर एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास उनके द्वारा हुआ है। एक बूं सहसा उछली में यूरोप के देशों की संस्कृतियों को उजागर कर भारत का सांस्कृतिक उन्नय उनका लक्ष्य है, साथ ही देश–विदेश की संस्कृति की प्रस्तुति द्वारा सांस्कृतिक समन्वय भी चाहते है। अज्ञेय के यात्रावर्णनों में भौगोलिक एवं ऐतिहासिक सूक्ष्म पर्यवेक्षण के साथ निबन्धका की मस्ती तथा भावुक कलाकार की संवेदनशीलता प्राप्त है। अज्ञेय की भाषा में प्रौढ़ता, उत्कृष्ट तथा साहित्यिकता विद्यमान है। उनके लिए भाषा एक बड़ी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। संस्कृति विकास में भाषा का महत्वपूर्ण योगदान हैं अज्ञेय का साहित्य भविष्य के मानव के दर्शन औ साहित्य को समृद्ध करने के लिए है। अज्ञेय ने देश–विदेश की यात्राओं से जो ज्ञान प्रा किया वह साहित्यप्रेमियों के लिए समर्पित किया। अज्ञेय की अनुभव समृद्धि और वस्तुत वैविध्य क कारण यात्रायें ही रही है। उन्होंने नये–नये स्थानों के भूगोल, नदी, पर्वतों एवं पशु पक्षियों क परिचय दिया है। वे वहाँ के निवासियों के इतिहास परम्परा संस्कृति का अध्ययन करते हैं। व के लोगों की भाषा, कला, साहित्य एवं लोक संस्कृति का विवरण प्रस्तुत करते है। वहाँ पुरातत्व तथा वास्तुशिल्प का ज्ञान उपलब्ध करवाते है।

अज्ञेय का साहित्य विषय और रूप शिल्प की दृष्टि से विविधताओं से भरा पड़ा है अज्ञेय को अपने समय के प्रचलित उपादान घिसे हुए पुराने और अक्षम लगते थे। अज्ञे अभिव्यक्ति की चरम अवस्था 'मौन' को मानते है। शब्द और भाषा से परे वे मौन को ही सम्प्रेष का एक महत्त्वपूर्ण साधन स्वीकार करते है। इसलिए हिन्दी साहित्य के महत्वपूर्ण कवि और लेख माने जाते है। उनका साहित्य वैविध्यपूर्ण है लेकिन उनके योगदान को यथोचित महत्त्व नही दिय गया। स्वप्निल श्रीवास्तव अपने लेख 'अज्ञेय का महत्त्व' में राहुल सांकृत्यायन और रामविलास श से उनकी तुलना करते हर कहते है कि, "अज्ञेय ने विपुल साहित्य लिखा है। उनके लिखे हुए क खारिज करना आसान नहीं है।"[1] अज्ञेय के काव्य संग्रह–हरी घास पर क्षण भर, इन्द्रधनुष रौं हुए, अरी ओर करूणा प्रभामय, आँगन के पार द्वार, कितनी नावों में कितनी बार, पहले मैं सन्नाट बुनता हूँ। इन काव्य संग्रहों के शीर्षक से ही पता चलता है कि अज्ञेय प्रकृति के सभी रूपों से कितना प्रेम करते थे। वे घास, इन्द्रधनुष, सवेरा, नॉव, नदी, द्वीप आदि को कितने करीब से देख और महसूस करते थे। अज्ञेय प्रकृति से अनुभव गृहण करते है।

उन्होने एक सैनिक का जीवन जिया। वे उच्च श्रेणी के यायावर थे। उनकी सोच सीमित नहीं थी वे विश्व साहित्य का अध्ययन, अध्यापन करते थे। उन्होने वर्ड्सवर्थ, टेनीसन, लांगफेलो तथा व्हिटमैन और उनके समकालीनों के साहित्य का गहन अध्ययन किया था। लेखन के साथ–साथ उनकी साहित्यिक यात्राएँ जीवन पर्यन्त जारी रही। भारत और विश्व के अनके देशो में उनकी यात्राओं का परिणाम उनके दो यात्रा वृतान्त 'अरे यायावर रहेगा याद', 'एक बूंद सहसा उछली' है। नयी कविता में उन्होंने मिथकों के अनके प्रयोग किये है और उसे जीवन से जोड़ने का कार्य किया है। इनकी प्रकृति की कविताएँ जिसमें उड़ चल हारिल, पानी बरसा, दुर्वाचल, हेमन्त के गीत, सागर मुद्रा, ये मेघ, साहासिक सैलानी, बंधु है नदियाँ, असाध्य वीणा, कलगी बाजरे की में एक लय है, विशेष प्रकार का अंदाजे बयां है, जिसमें एक धीमा संगीत और प्रकृति के सूक्ष्मतत्व है। जैसे सोनमछली कविता में मछली हाँप रही है, काँच से लड़ती स्वतन्त्र होने के बेकरार इसे अज्ञेय की दृष्टि ने देखा सामान्य मानव एक्वेरीयम में रखी रंग–बिरंगी मछली की देखकर खुश होता है।

अज्ञेय ने अपनी यात्राओं से हिन्दी कविता को समृद्ध किया है। देश–विदेश के यात्रानुभवों में परिवर्तित करने के साथ–साथ उनकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति से हिन्दी कविता को सतरंगी रूप प्रदान किया। अज्ञेय ने जापान की यात्रा की। जापान की कविताओं का अनुवाद किया। हाइकू शैली की कविताएँ लिखी। ग्रीस की यात्रा के दौरान वहाँ के बहुत से स्थानों के बारे में कविताएँ लिखी। वहाँ के मिथकों को अपनाकर काव्य सृजन किया। यही बात फ्रांस तथा अन्य देशों के बारे में भी कही जा सकती है। उल्लेख किया जा सकता है कि अज्ञेय ने काव्य– सृजन में 'भारतीयता' को कभी ओझल होने ने दिया। अज्ञेय गहरे दार्शनिक समझ के कवि है। उन्होने आधुनिकता को भी दार्शनिक दृष्टि से देखा है। लाथार लुत्श ने उदय प्रकाश से बातचीत में अज्ञेय के बारे में एक बहुत अच्छी बात कही है, "अज्ञेय एक आधुनिक कवि है क्योंकि वे अपने माध्यम को भाषा को संशय से देखते है।।। संशय, मैं समझता हूँ कि किसी भी साहित्य में आधुनिकता का समावेश करता है,"[2] अज्ञेय आधुनिक कवि है। उन्होंने प्रयोगशीलता को महत्वपूर्ण माना था और इसके द्वारा हिन्दी में आन्दोलन खड़ा किया था।

अज्ञेय प्रकृति और विज्ञान को अखण्ड रूप में देखते है ऐसा विद्यानिवास मिश्र ने उनकी कविता बावरा अहेरी के सम्बन्ध में कहा है। वे प्रकृति की सर्वशक्तिमत्ता को भी प्रमाणित करते है। इनकी दुर्वाचल कविता में निजता की संलग्नता और साथ ही साथ यायावरी की उत्कट अभिलाषा भी दिखाई पड़ती है। अज्ञेय परम्परा, कवि और कविता के अन्तर्सम्बन्धों पर निरन्तर विचार करने वाले कवि है। अपनी कविता 'कलगी बाजरे की' में वे पुरानी गढ़ी हुई प्रतिमाओं के संग चले आ रहे पुराने सत्य को असंगत की स्वीकार्यता के अर्थ में लेते है। इस कविता में उन सभी प्राचीन प्रतिमाओं का निषेध है जो सृजन की भूमि पर नया रचनेवाले के समक्ष आतंक बनकर उपस्थित हो जाती है। नये कवि को आतंक से मुक्त करने के लिए अज्ञेय उन खोखली प्रतिमाओं के महिमामण्डन से आगाह करते है। जिनमें से देवता तक प्रस्थान कर चुके है।

अज्ञेय सतत, सत्य और सन्धान करने वाली दृष्टि को लेकर आगे बढ़े हैं। वे यात्रायें करते हुए ही कविताओं को लिखते थे 'कितनी नावों में कितनी बार' शीर्षक कविता को अज्ञेय ने अपनी युगोस्लाविया की यात्रा में ल्युब्लयाना नामक किसी समुद्रीतट की अनुभूति में जीवन को सृजित करते हुए दिनांक 30 मई 1966 को लिखा था। अज्ञेय की रचनाएं प्रत्यक्ष प्रतीकों और

बिम्बों की सहज यात्रा कराती है। वे देश–विदेश में यात्रा करते हुए सागर किनारे और वहीं दिखती पुकार 'अरी ओ करूणा प्रभामय जिसके लिए वे कई–कई बार 'कितनी नावों में कितनी बार' सवार होते है और यह अन्तहीन यात्रा ही अन्तहीन सच्चाई का द्वार खोलती है।

अज्ञेय जैसी बड़ी प्रतिभा को समझने के लिए पाठक के पास भी बड़ी प्रतिभा होनी चाहिए। उनकी प्रत्येक रचना में व्याप्त सृजनाशीलता और संवेदनशीलता उसे व्यक्त करने वाली शैली को धैर्यतापूर्वक सोचना–समझना और व्याख्यायित करना होगा। तभी अज्ञेय का साथ मूल्यांकन किया जा सकता है। अज्ञेय की चिन्ता और चेतना का केन्द्र व्यक्ति की स्वाधीन चेतना के साथ उसकी स्वायत्तता, आजादी, अस्मिता तथा सृजनात्मकता का महत्व है। वे इस सन्दर्भ में व्यक्ति की सत्ता को पूरी गौरव और गरिमा के साथ वे समाज और समूह में शामिल करना चाहते है। यह शुभ है।

अज्ञेय का जीवन महाभिनिष्क्रमण का पाथेय रहा है। देश हो परदेश हो वही सागर किनारा और वहीं से दिखती पुकार अरी ओ करूणा प्रभामय जिसके लिए वे बार–बार न जाने कितनी बार कितनी नावों में कितनी बार सवार होते है और यह अन्तहीन यात्रा ही अन्तहीन सच्चाई का द्वार खोलती है।

निस्सन्देह यह कहा जा सकता है कि हिन्दी साहित्य में यायावर अज्ञेय का स्थान शीर्षस्थ हैं उनके यात्रापरक वर्णनों में जो विशेषताएँ है वह अन्यत्र कहीं नहीं।

**सन्दर्भ–सूची :–**


1. अज्ञेय होने का अर्थ : दृष्टि का विवेक, सं0 हितेश कु। सिंह, लोक भारती प्रकाशन, प्रथम सं0– 2020 पृष्ठ 154।
2. शब्द संगत, जुलाई–अगस्त 2007 पृ।5।।
3. अरे यायावर रहेगा याद–अज्ञेय, राजकमल प्रकाशन, प्रथम सं0।
4. एक बूद सहसा उछली– अज्ञेय, राजकमल प्रकाशन, प्रथम सं0 2017।
5. अंज्ञेय संचायिता– नंदाकिशोर आचार्य, राजकमल प्रकाशन।
6. अज्ञेय होने का अर्थ : दृष्टि का विवेक–सं0 हितेश कु। सिंह, लोक भारती प्रकाशन, प्रथम सं0– 2020



**— असिस्टेन्ट प्रोफेसर**

**वसन्त कन्या महाविद्यालय**

**कमच्छा, वाराणसी।**